भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †3506

सोमवार, 11 अगस्त, 2025/2013 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**सीबीएसपी योजना**

**†3506. श्री अनन्त नायकः**

**श्री बृजमोहन अग्रवालः**

**श्री तनुज पुनियाः**

**श्री देवुसिंह चौहानः**

**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा शुरू की गई सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना का अल्पकालिक कौशल प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों की छत्तीसगढ़ सहित राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों के दौरान स्वीकृत और जारी की गई निधि का आंध्र प्रदेश सहित राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए चयनित कार्यान्वयन एजेंसियों/संस्थानों का राज्यवार /संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(घ) इन योजनाओं की शुरुआत से ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में इनके अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों/छात्रों की रोजगार दर अथवा उद्यमशीलता संबंधी परिणामों का ब्यौरा क्या है और रोजगार सृजन करने वाली एजेंसियों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है और छत्तीसगढ़ में सभी कार्यान्वयन एजेंसियों और संस्थानों के नाम क्या हैं;

(ङ) उक्त योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का ब्यौरा क्या है और उस पर व्यय की गई धनराशि का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(च) इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक समुचित पहुंच प्राप्त करने वाले पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं का ब्यौरा क्या है; और

(छ) गांवों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3-6 महीने की अवधि के विशेष क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और छत्तीसगढ़ सहित लाभान्वित गांवों की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (छ): पर्यटन मंत्रालय "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" नामक अपनी योजना के अंतर्गत सरकारी और सूचीबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से आतिथ्य और पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। इन कार्यक्रमों में हुनर से रोज़गार

तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण एवं प्रमाणन, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश में 1272 और छत्तीसगढ़ में 770 उम्मीदवारों सहित देश में कुल 5.54 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।

इन प्रशिक्षणों के लिए, देश में 2019-20 से 2023-24 तक कुल 106.26 करोड़ रुपये स्वीकृत और जारी किए गए हैं और इसी अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश में 5.51 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कुल 153 सरकारी और निजी एजेंसियों का चयन किया गया है।

इन प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप प्लेसमेंट, स्व-रोज़गार, उद्यमिता के साथ-साथ कई प्रशिक्षु डिप्लोमा और डिग्री जैसे उच्च शिक्षा के विकल्प भी चुन रहे हैं। इसकी शुरुआत से अब तक 59210 लोगों को प्लेसमेंट मिल चुका है। इस योजना में छात्रवृत्ति का प्रावधान नहीं है। हालाँकि, देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित विविध समूहों के उम्मीदवारों के लिए नियमित रूप से आतिथ्य और पर्यटन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। मंत्रालय द्वारा गाँव-वार आंकड़ों का संग्रह और उनका रखरखाव नहीं किया जाता है।

******